कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा/हिनि/विवाह/28129/2018–19 दिनांक 4-11-19

समस्त संयुक्त निदेशक,
समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, (माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा)
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,(मुख्यालय) (माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा)
समस्त प्राचार्य डाईट,
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
पंजियक शिक्षा विभागीय परीक्षायें।

विषयः– बालिका उपहार योजना के अर्न्तगत आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना।

हितकारी निधि माध्यमिक शिक्षा/प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के अर्न्तगत शिक्षा विभाग के राजकीय सेवा में कार्यरत समस्त श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के पुत्री विवाह के उपलक्ष्य में उपहार स्वरूप 11,000/– रूपये प्रत्येक प्रकरण में संलग्न प्रारूप–पत्र में आवेदन करने पर प्रदान किये जाने है। आवेदन पत्र भरते समय कार्मिक एवं अग्रेषण अधिकारी निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रख कर ही अग्रेषित किये जावें:–

01 योजना का लाभ 2018–19 से हितकारी निधि के नियमित अंशदाता को ही देय होगा।
02 योजना का लाभ सेवाकाल में एक बार ही देय होगा।
03 निर्धारित प्रपत्र संलग्नानुसार सभी कॉलम की पूर्ति कर भिजवाया जाना है।
04 योजना का लाभ प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 500 प्रकरणों में दिया जावेगा।
05 बालिका के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर द्वारा आयोजित कक्षा X^{th} के प्रमाण–पत्र की प्रति जिसमें आयु का उल्लेख हो, या अन्य आयु सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की प्रति।
06 18 वर्ष से कम आयु होने पर योजना का लाभ देय नहीं होगा।
07 विवाह की निर्धारित तिथि के दो माह के अर्न्तगत में आवेदन करना होगा।
08 आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार आवेदन पत्र अग्रेषित कराना होगा।
09 योजना राशि का वितरण कर्मचारी के खातों में ई.सी.एस. के जरिये की जावेगी।

उप निदेशक (प्रशासन)
एवं सचिव हितकारी निधि,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निदेशक, समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षा संकुल, जयपुर।
2. राज्य परियोजना निदेशक,राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद,जयपुर
3. निदेशक,प्रारंभिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर
4. निदेशक,राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान,उदयपुर
5. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान, बीकानेर/अजमेर
6. प्रधानाचार्य शार्दुल स्पोटर्स स्कूल, बीकानेर।
7. संपादक शिविरा पत्रिका ।
8. संयुक्त निदेशक कम्प्यूटर (कार्यालय हाजा) को प्रषित कर लेख है की विभागीय वेब–साईट एवं शालादर्पण /शालादर्शन पर अपलोड करने बाबत।

उपनिदेशक (प्रशासन) एवं
सचिव हितकारी निधि
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

E:CH/MONITORING/NSS/MODI-VOCATIONAL

हितकारी निधि

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

हितकारी–निधि से शिक्षा विभागीय समस्त श्रेणी के कर्मचारियों (माध्यमिक/प्रारंभिक) के पुत्री विवाह पर उपहार योजना का प्रार्थना–पत्र

1	कर्मचारी का नाम	....
2	कर्मचारी का पद एवं पदस्थापन स्थान	....
3	कर्मचारी का स्थाई पता	....
4	टेलिफोन नम्बर/ मोबाईल नम्बर	....
5	हितकारी निधि अंशदान 2018–19 से ई0सी0एस0 एवं शिड्यूल की प्रति संलग्न करें।	....
6	कर्मचारी की Employe ID संख्या	....
7	पुत्री का नाम	....
8	पुत्री की जन्म तिथि सैकण्डरी स्कूल की अंकतालिका/अन्य कोई आयु सम्बन्धि प्रमाण–पत्र	....
9	विवाह कि निर्धारित तिथि	....
10	विवाह हेतु मुद्रित आमंत्रण पत्र की प्रति	....
11	कार्मिक का बैंक खाता विवरण पास बुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति (प्रमाणित) या निरस्त चैक	

मैं प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि मेरी सर्वोतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिया गया विवरण बिल्कुल सही है। इन बिन्दुओं मे कोई असत्यता पाई जाती है तो हितकारी–निधि, शिक्षा–विभाग, बीकानेर मेरे विरूद्ध जो भी उचित समझे कार्यवाही कर सकेगा यह मुझे स्वीकार्य होगी।

कर्मचारी के हस्ताक्षर मय पद.
एवं कार्यरत स्थान

....

प्रार्थना पत्र जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय/सी0बी0ई0ओ0) से अग्रेसित करवाया जाना है

प्रमाणित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थिनी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही है अतः प्रार्थना–पत्र अध्यक्ष हितकारी निधि, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को बालिका विवाह उपहार योजना हेतु प्रार्थना–पत्र अनुशंषा सहित अग्रेसित किया जाता है।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर जिला शिक्षा अधिकारी/सी0बी0ई0ओ0 (मुख्यालय) (मोहर)

हस्ताक्षर कार्यालयाध्यक्ष/संस्था प्रधान(मोहर)